भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 725

उत्तर देने की तारीख 21.07.2022

युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

725. श्रीमती शारदा अनिल पटेल:
श्री मितेष पटेल (बकाभाई):
श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र सहित देश में छोटे व्यवसाय चलाने के लिए विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से जुड़ी युवतियों के लिए उद्‌यमिता प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम मंत्रालय की उद्‌यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) स्कीम का उद्‌देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, दिव्यांगों, भूतपूर्व सैनिकों और बीपीएल व्यक्तियों को स्व-रोजगार या उद्‌यमिता को करियर के विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित करना है। इसका प्रमुख उद्‌देश्य देश में नए उद्‌यमों का प्रोत्साहित करना, मौजूदा एमएसएमई का क्षमता निर्माण करना और उद्‌यमिता संस्कृति को विकसित करना है। यह एक अखिल भारतीय स्कीम है जिसमे **महाराष्ट्र** भी शामिल है।

(ख) : ईएसडीपी स्कीम में लाभार्थियों की संख्या सहित आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वर्ष-वार विवरण सूचीबद्‌ध रूप में दिया गया है।

वित्त वर्ष	आयोजित ईएसडीपी की संख्या	लाभार्थियों की कुल संख्या	अनुसूचित जाति लाभार्थियों की कुल संख्या	अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों की कुल संख्या	महिला लाभार्थियों की कुल संख्या
2018-19	265	9505	905	351	2781
2019-20	5858	233507	11505	4148	101234
2020-21	527	27544	1065	600	13640
2021-22	703	58659	240	1312	24734

*****